### 458 घरों पर डोर टू डोर किया सर्वे, 127 लोगों को अब तक दिया उपचार

# डायरिया का प्रकोप, ग्रामीण दहशत में

# 374 उल्टी दस्त से पीड़ितों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

डायरिया के प्रकोप को लेकर मंगलवार देर रात्रि कलेक्टर हरेंद्र नारायन रजोला पहुंचे थे। जहां बीमार प्रत्येक मरीजों को मिल रहे इलाज का जायजा लिया था तथा रात्रि में एसडीएम के साथ स्वास्थ्य विभाग के आधा दर्जन से ज्यादा डाक्टरों राजस्व जनपत पीएचई सहित अन्य अधिकारियों को गांव में पीड़ितों का उचित इलाज हेतु रुकवाया गया था। इस मामले में बुधवार को भाजपा जिला अध्यक्ष अमरवाड़ा विधायक सहित दर्जनों कार्यकर्ता रजोला पहुंचे थे तो वही कांग्रेस जिला अध्यक्ष और अमरवाड़ा विधान सभा प्रभारी सहित अन्य नेताओं के पहुंचने से ग्राम का माहोल ही बदल गया और राजनीतिक समर्थन सहित आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। अब भी मरीजों का इलाज ग्राम पंचायत भवन में अस्थाई अस्पताल बनाकर किया जा रहा है।



### आज दो मरीजों को छिंदवाड़ा रिफर किया था

ब्लाक मेडीकल आफिसर करुष ठाकुर ने बताया कि 458 घरों पर डोर टू डोर सर्वे किया गया जिसमें 374 मरीज सामने आए थे जिन्हें उल्टी दस्त की शिकायत थी 127 लोगों को अब तक उपचार दिया गया है जो पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं और जिन्हें अभी उल्टी या दस्त की शिकायत है उनका उपचार किया जा रहा है हालत अभी समान है वहीं आगे बताया की जब तक पूरी तरह हालात सामान नहीं होते स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पर ही रहेगी।

### भाजपा जिला अध्यक्ष विधायक के साथ पहुंचे



उल्टी दस्त से बीमार मरीजों से मिलने जिला भाजपा अध्यक्ष शेष राव यादव अमरवाड़ा विधायक कुंवर कमलेश शाह रजोला पहचें इन्होंने पंचायत भवन में भर्ती मरीजों से हाल जाना और उपचार से संतुष्ट होने की बात कही। वही जिस कुआ और पानी टंकी में दूषित पानी दिया जा रहा था उसका निरीक्षण किया और प्रशासनिक अधिकारियों को दोषियों पर कार्रवाई करने तथा पिए जल संसाधन को सही करने की बात कही। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार हर पीड़ितों के साथ है किसी ग्रामीणों की समस्या हमारी समस्या। विधायक ने कहा की हमने अधिकारियों को उचित व्यवस्था करने कहा है हालात अभी सामान है जो जरूरत ग्रामीणों को होगी उसे पूरा किया जाएगा।इस दौरानजिला अध्यक्ष शेषराव यादव, विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह, महामंत्री विजय पांडे, अजय सक्सेना, संजय पटेल, योगेंद्र प्रताप राणा, विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा, मुकेश सूर्यवंशी,प्रकाश ठाकुर,माइकल पहाड़े, विजेंद्र चौहान,सोनू सरसवार सहित स्थानीय लोग सामिल थे।



### स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्राम राजोला में उल्टी दस्त बुखार के मरीजों को दिया जा रहा सतत उपचार

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छिंदवाड़ा के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने के लिये जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय गठित टीम द्वारा चिकित्सकीय स्वास्थ्य सुविधायें प्रदान की गई । संयुक्त टीम के द्वारा सर्विलेंस कार्य किया जा रहा है तथा विभागीय टीम एवं मैदानी कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर सर्वे के दौरान 458 घरों में सर्वे कार्य किया गया है, जो निरंतर जारी है। ग्राम राजोला के ग्राम पंचायत भवन व आंगनवाडी केन्द्र में 10 बिस्तरीय अस्थाई अस्पताल में 374 मरीजों को त्वरित उपचार सुविधा उपलब्ध कराई गई हैं एवं 141 मरीजों को आई.व्ही. फ्लूइड के माध्यम से उपचार प्रदान किया गया हैं। सभी मरीजों को आवश्यक दवाईयां वितरित की गई है। 02 मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उन्हें उपचारित किया जा रहा हैं। जिला स्तरीय चिकित्सकीय टीम जिसमें डॉ.धीरज दावंडे, डी.एच.ओ. डॉ.राहुल नाग, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. हर्षवर्धन लोनकर, डॉ. सुमित मोहबे, डॉ. अजय राजपूत, डॉ. सुनील कुमार बाजिया एवं ब्लॉक स्तरीय टीम से बी.एम.ओ. डॉ.करुष ठाकुर, आर.बी.एस. के चिकित्सक डॉ. अहमद, बीपीएम श्री अखिलेश देशमुख, सी.एच.ओ., ए.एन.एम. व एम.पी.डब्ल्यू. तथा विकासखंड स्तरीय सभी टीम के द्वारा सर्वे कार्य कराते हुये मरीजों को सतत उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही हैं। ग्राम में मरीजों की सामान्य स्थिति होने तक यह टीम तैनात रहकर निरंतर स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करेंगी। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है। सी.एम.एच.ओ. डॉ. नरेश गोन्नाडे द्वारा ग्राम के सभी लोगों से अपील की गई है कि स्वच्छ व साफ पानी का सेवन करें, अपने आस-पास साफ-सफाई रखें, उल्टी दस्त होने की स्थिति में शीघ्र ही चिकित्सकीय जांच व उपचार प्राप्त करें। साथ ही मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि वे नियमित रूप से घर-घर सर्वे कार्य करते हुये उल्टी-दस्त एवं बुखार के मरीजों को तत्काल स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराये।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष और पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी भी पहुंचे



कांग्रेस जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे सहित अन्य कांग्रेसी नेता भी दोपहर को रजोला पहुंचे और मरीजों से मिले और उपचार संबंधी जानकारी ली। ग्रामीणों से उन्होंने कहा की कमलनाथ जी ने इस मामले में पीड़ितों की मदद की बात कही है अगर कोई समस्या है तो कांग्रेस हर संभव मदद के किए खड़ी है। वही जिले के सांसद पर कटाक्ष करते हुए कहा की बीस किलो मीटर की दूरी पर डायरिया फेला है परंतु सांसद को यहा आने की फुरसत नहीं है अगर किसी को दिखे हैं तो बताओ। मरीजों से मिलने के बाद नल जल स्त्रोतों को भी देखने गए थे जहां की खबरे सामने आई थी। इस दौरान विश्वनाथ ओकटे अजय मेद सेलू सेंगर चंपालाल कुर्चे धीरन शाह महेश धुर्वे आशीष जैन आसिफ मिस्किनी घनश्याम पटेल जुनैद राजेश पटेल फिरोज खान अनिल सल्लाम राजू रविंद्र धुर्वे केतन पटेल सहित अन्य सामिल थे।

#### नई पाइप लाइन बिछाई गई

पीएचई के अधिकारी जल खनन वाले स्रोतों को साफ और दुरुस्त करने पर लगे रहे, पूर्व में जिस पानी टंकी और कुआं से पानी सप्लाई किया जा रहा था उसे बंद कर दिया गया है एक नए शासकीय बोर से नई पाइप लाइन बिछाकर पानी टंकी पर जोड़ा गया है और उसकी टेस्टिंग पर लोगों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्थाएं की जा रही है। वही दो दिनों से गांव में टैंकरों के माध्यम से पानी सप्लाई किया जा रहा था।

## जंगल में वाहनों के शोरगुल से भटके तेंदुए की जान को सूकर शिकार के लिये लगे करंट से खतरा

### इन्हीं तारों से लगे करंट से एक ग्रामीण की जा चुकी है जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया रेंज में जंगल को बचाने के बजाय ऐसा लगता है कि जंगल मिटाने के लिए विभाग की तैनाती हुई है। पिछले 5 वर्षों में जिस तरह जंगल कटा है एवं रोग से सरई पेड़ो का नुकसान हुआ है, उसका आंकलन करना मुश्किल है। वही कुआं बादला, देलाखारी, सेहरा ढाना, सर्कल की जंगलों में रात भर हो रहे रेत के अवैध उत्खनन करने वाले वाहनों के शोर गुल से वन्य प्राणी विचलित हुए हैं। इसका अंदाजा लगाना आसान है कि बीती शाम 7:00 बजे के करीब तामिया से लगे रिहायशी इलाके में मुख मार्ग पर तेंदुआ देखा गया, जिसकी चर्चा हुई तो लोग उस तेंदुए को उत्सुकता वश देखने निकले तो 1 किलोमीटर के करीब दूरी पर वह सड़क के किनारे लोगों को देखने मिला। तेंदुए का लोगों ने अपने मोबाइल में वीडियो भी बनाया और सोशल मीडिया में डाला जिसको संज्ञान में लेकर रेंजर तामिया उस तेंदुए की लोकेशन लेने निकले हालांकि रात ज्यादा होने कारण उसकी लोकेशन नहीं मिल सकी, लेकिन सबसे गंभीर बात इस तेंदूये की जान को खतरा इस बात से है कि धूसावानी बीट से लगे खेतों में मक्के की फसल खाने जंगली सूअर खेतों में ना पहुंचे जिसके लिए ग्रामीणों ने 33 केवि की लाइन से इन्हें रोकने इन तारो करंट लगा रखा है। करंट लगाये जाने की पुष्टि इसी बात से होती है कि राजढाना का एक ग्रामीण इन तार के करंट से अपनी जान गांव बैठा है जिसका मामला पुलिस में दर्ज हुआ है। यदि ऐसी स्थिति इस तेंदुए के साथ निर्मित होती है तो निश्चित ही हमें एक वन्य प्राणी की हानी की आशंका से बिल्कुल भी इनकार नहीं किया जा सकता। इसलिए वन विभाग को जिम्मेदारी के साथ वन प्राणी की सुरक्षा में सतर्कता बरतनी होगी एवं इसके लिए इस तेंदुए के पग मार्क से इसकी लोकेशन पर नजर रखनी होगी साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में वन समिति एवं ग्रामीण के साथ बैठक कर मुनादी करनी चाहिए और लोगों को जंगल की ओर जाने से मना एवं गांव में रात के समय सतर्क रहने संबंधी करवाई रेंजर को स्वयं करनी होगी क्योंकि जब यह तेंदुआ पहली बार तामिया की रहवासी सीमा के नजदीक पहुंचा है तो निश्चित ही वह भटक रहा है। तामिया रेंजर को इन सारे पहलू पर सतर्कता पूर्वक रवैया अपनाते हुए अपनी कार्य प्रणाली से जंगल से भटके हुए ईस तेंदुआ के साथ किसी अप्रिय घटना ना घट सके। इसके लिए मैदानी अमले को भी तैयार एवं लोकेशन लेने के लिए सतर्क रखना होगा। इस विषय में गर्ग साहब से बात करने के लिए उनके नंबर 9424791525 पर कॉल किया गया परंतु उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया। इसलिए उनका पक्ष नहीं रखा गया।

### तेंदूए ने किया गाय का शिकार

पांढुर्ना। विकासखंड के ग्राम घोघरीसाहनी में मंगलवार की रात तेंदूए ने किसान की गाय का शिकार कर दिया। किसान को आज बधवार की सुबह अपने खेत के कोठे में गाय का शव दिखा। वन विभाग के दल ने जांच पडताल के उपरांत तेंदूए द्वारा शिकार किए जाने की पुष्टि कर दी है। रेंजर प्रभुराम मुछाला ने आस पास के ग्रामीणों और किसानों से सावधान रहने की अपील की है। तेंदूए की सक्रियता के कारण लोग शाम होने के बाद घरों से निकलने में डर रहे है।

## तीन औषधि विक्रेताओं के लाइसेंस किये गए निरस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

खाद्य एवं औषधि प्रशासन भोपाल द्वारा औषधि निरीक्षकों के विशेष जांच दल द्वारा छिंदवाड़ा जिले में विक्रय की गई मिलावटी औषधि कोलड्रिफ सिरप, बैच नंबर SR-13, प्रकरण से संबंधित निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में गत दिवस जांच दल द्वारा छिंदवाड़ा जिले के परासिया स्थित पारस मेडिकल स्टोर परासिया, रसेला मेडिकल स्टोर परासिया एवं श्रीवास्तव मेडिकल स्टोर परासिया के निरीक्षण किए गए । जांच में यह पाया गया कि उपरोक्त तीनों मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा दूषित औषधि-कोलड्रिफ सिरप बैच नंबर SR-13 का विक्रय किया गया था तथा उनके द्वारा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के विरुद्ध त्रुटिपूर्ण बिल जारी किए गए। उपरोक्त तीनों मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त किए गए हैं। आदेश की प्रतियाँ मेडिकल स्टोर संचालकों को तामील करवाकर तथा दुकानों के शटर पर चस्पा कर दुकान को सील बंद करने की कार्रवाई की गई है।

## जिले में एक भी अवैध पोस्टर न हो: कलेक्टर

### कलेक्टर श्री नारायन की अध्यक्षता में जिले के नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में जिले के सभी नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व वसूली, स्वच्छ भारत मिशन, सीएम हेल्पलाइन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन तथा स्वच्छता ही सेवा अभियान जैसे महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर नगर निगम छिंदवाड़ा के आयुक्त श्री सी.पी. राय, सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं उपयंत्री उपस्थित थे।

#### अवैध पोस्टरों को लेकर दिए कड़े निर्देश

कलेक्टर श्री नारायन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में एक भी अवैध पोस्टर न हो, यह सुनिश्चित करें। अवैध पोस्टरों को तत्काल हटाया जाए, अन्यथा संबंधित निकाय के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।




#### आवारा जानवर एवं स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष बल

कलेक्टर श्री नारायन ने शहर में बढ़ते आवारा जानवरों की समस्या पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि आवारा गायों को शीघ्र ग्रामीण गौशालाओं में भेजा जाए। उन्होंने सभी नगरीय निकायों को शहर की स्वच्छता व्यवस्था और अधिक बेहतर बनाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री नारायन ने कहा कि स्वच्छता को गंभीरता से लिया जाए तथा एयर क्वालिटी इंडेक्स में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। शहर में कोई भी ब्लैक स्पॉट (जहां कचरा कई दिनों तक नहीं उठता) नहीं होना चाहिए। उन्होंने येलो एवं रेड स्पॉट्स को भी प्राथमिकता के साथ साफ करने और जीवीपी (गारबेज वलनरएबल पॉइंट) क्षेत्रों को विशेष रूप से स्वच्छ बनाए रखने के निर्देश दिए।

#### प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर दिए निर्देश

कलेक्टर श्री नारायन ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे सभी कार्यों में गति लाई जाए और उन्हें समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने हर्रई सीएमओ को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## आबकारी विभाग की दबिश, 400 किलो महुआ लाहन जब्त

छिंदवाड़ा। कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में जिले के आबकारी अमले द्वारा प्रातः के समय वृत्त प्रभारी श्री कैलाशचंद्र चौहान के नेतृत्व में सर्वप्रथम ग्राम मेढ़कीताल में डैम के किनारे प्लास्टिक की पन्नियों में भरकर छुपाकर रखे गए महुआ लाहन को बरामद कर खोलकर विधिवत नष्ट किया गया। इसके बाद ग्राम रंगीनखापा में एक रिहायशी मकान के पीछे छुपाकर रखे गए प्लास्टिक के ड्रमों में भरे महुआ लाहन को बरामद कर विधिवत नष्ट किया गया। अंत में ग्राम खूनाझिरकला में नाले के किनारे भारी मात्रा में विभिन्न स्थानों पर प्लास्टिक की पन्नियों में भरा हुआ महुआ लाहन टीम को प्राप्त हुआ जिसे विधिवत नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा जंगल में छुपाकर रखी गई प्लास्टिक की पन्नियों एवं ड्रमों में भरकर छुपाए गए महुआ लाहन को भी बरामद कर विधिवत नष्ट किया गया। यहीं से टीम को मौके पर तैयार मिली रबर टबों में भरी हाथ भट्टी मदिरा को आबकारी द्वारा कब्जे में लिया गया। इसी प्रकार आबकारी वृत्त परासिया में उप निरीक्षक श्री जीत सिंह धुर्वे के अमले द्वारा चांदामेटा नगर में गांधीघाट नाले के किनारे से प्लास्टिक के ड्रमों में भरा महुआ लाहन बरामद कर विधिवत नष्ट किया। इस कार्यवाही में आबकारी वृत्त छिंदवाड़ा में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा के तहत कुल 09 प्रकरण दर्ज कर 6600 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया गया तथा 45 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा आबकारी द्वारा कब्जे में ली गई तथा परासिया वृत्त में कुल 03 प्रकरण कायम कर 400 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया।

### अब तक 24 बच्चों की मौत, पिछले तीन सप्ताह से वेंटीलेटर पर थी बच्ची

## सिरपकांड: जहरीले सिरप ने फिर ली मासूम अंबिका की जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

बच्चों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आरोपी डॉक्टर और कंपनी मालिक के अलावा कुछ अन्य दुकानदार, स्टॉकिस्ट और एक महिला एनालिस्ट पर कार्यवाही की गई है। गैर इरादतन हत्या के आरोप में एफआईआर हुई है। जांच के बाद और आरोपी सामने आ सकते है। बुधवार को एसआईटी ने श्रीसन फार्मास्युटिकल कंपनी की 61 वर्षीय कैमिकल एनालिसिस को गिरफ्तार किया है। किडनी फेलियर मामले में फिर बढ़ा आंकड़ा कोल्ड रिफ कफ सिरप से किडनी फेलियर के मामलों में लगातार बढ़ रही मौतों के बीच एक और दर्दनाक खबर सामने आई है। ककई बोहना निवासी 3 वर्षीय अंबिका विश्वकर्मा की नागपुर के न्यू हेल्थ सिटी हॉस्पिटल में बीती रात मौत हो गई। अंबिका को 14 सितंबर को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था, जहां लगातार इलाज चल रहा था। लेकिन हालत में सुधार न होने से बच्ची ने दम तोड़ दिया।अब तक कोल्ड रिफ कफ सिरप से कुल 24 बच्चों की मौत हो चुकी है।वर्तमान में केवल एक बच्चा, कुणाल यदुवंशी, का उपचार एम्स नागपुर में जारी है।प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग इस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं, प्रभावित परिवारों में शोक और आक्रोश का माहौल है।



### वो तो गए , पर सिस्टम को आईना दिखा गए

परासिया :- किडनी फेलियर से परासिया विधानसभा क्षेत्र के 22 बच्चों की मौत हो गई । इसके लिए एक कफ सिरप को जिम्मेदार ठहराया गया है । बच्चे तो चले गए , लेकिन सिस्टम को आईना दिखाए ।जहरीले कफ सिरप से 22 बच्चों की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए । सिस्टम और उसके नुमाइंदे जिनकी जिम्मेदारी है लोगों की सुरक्षा , स्वास्थ्य आदि , क्या उस सिस्टम ने , उसके नुमाइंदो ने अपना काम ईमानदारी से किया , यदि किया तो फिर 22 बच्चों की मौत क्यूँ हुई ? यह केवल अमानक दवाइयों का ही मामला नहीं है , बल्कि खान - पान की हर चीज जो बाजार में आ रही है , सबकी गुणवत्ता को शक के दायरे में ला दिया है । आए दिन अमानक दवाइयों , वस्तुओं की बाजार में मिलने की खबरें सामने आ रही है । जो बच्चे गए उनकी माँओ की गोद सूनी हो गई । परिजन बच्चों को याद कर ग़मगीन हैं । सब चाहते हैं , कि सिस्टम ईमानदारी से काम करे ताकि ऐसी हृदय विदारक घटनाओं की पुनरावृति न हो । यही उनके बच्चों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

## अब प्रशासनिक सेवाएं और अधिक सुलभ होंगी, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से किया गया लोकार्पण

# प्रभारी मंत्री और सांसद ने किया एसडीएम कार्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री एवं पांढुर्णा जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा पांढुर्णा में नव निर्मित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय भवन पांढुर्णा का लोकार्पण वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से किया गया।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर और सांसद श्री साहू ने जिलेवासियों को इस नए प्रशासनिक भवन की सौगात के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सतत विकास के मार्ग पर अग्रसर है और यह एसडीएम कार्यालय उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। मंत्री श्री तोमर ने बताया कि शीघ्र ही पांढुर्णा में कलेक्टर कार्यालय के निर्माण कार्य की शुरुआत भी की जाएगी, जिससे प्रशासनिक सेवाएं और अधिक सुलभ होंगी।

कार्यक्रम में छिन्दवाड़ा/पांढुर्णा सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लगातार जनसुविधाओं के लिए आधारभूत ढांचा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाएं अब सीधे जनता तक पहुंच रही हैं और इसी उद्देश्य से अनुविभागीय कार्यालय का निर्माण कराया गया है ताकि नागरिकों को प्रशासनिक कार्यों में किसी प्रकार की असुविधा न हो।कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड,विधायक निलेश उइके, नगर पालिका अध्यक्ष पांढुर्णा संदीप घटोड़े, जनपद अध्यक्ष पांढुर्णा श्रीमती लता तुमड़ाम,पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती वैशाली महाले, नरेन्द्र परमार, संतोष जैन, उज्जवल सिंह चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ, एसपी सुंदर सिंह कनेश मौजूद रहे।

## घोडावाड़ी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष पथ संचलन संपन्न

**जुन्नारदेव।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर घोडावाड़ी नगर में भव्य पथ संचलन निकाला गया। संघ के स्वयंसेवक पारंपरिक वेशभूषा में अनुशासित कदमताल करते हुए जब नगर के मार्गों से गुजरे तो वातावरण देशभक्ति के नारों से गूंज उठा ।संचलन का प्रारंभ राधा कृष्ण मैदान से हुआ, जो सोनी मोहल्ला, मुख्य मार्ग और बस स्टैंड से होते हुए नगर के प्रमुख स्थानों से गुजरा। मार्ग में नागरिकों ने स्वयंसेवकों पर फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया। संचलन का समापन राधा कृष्ण मैदान में हुआ।जहाँ सैकड़ों स्वयंसेवक एकत्र हुए और राष्ट्रगीतों के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर मुख्य वक्ता ने संघ के 100 वर्षों की गौरवगाथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ ने राष्ट्र निर्माण, समाज सेवा और सांस्कृतिक जागरण के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया है ।उन्होंने कहा कि संघ की प्रेरणा से आज लाखों कार्यकर्ता समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्य कर रहे हैं ।कार्यक्रम में संघ के खंड कार्यवाह, प्रमुख पदाधिकारी, वरिष्ठ स्वयंसेवक तथा नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## संवैधानिक अधिकारों के साथ गुड टच बैड टच से हुए अवगत छात्र

**छिंदवाड़ा।** बालको के बढ़ रहे अपराधो एवं उनके अधिकारो की जानकारी छात्र स्तर पर नहीं पहुंचने के कारण मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह जाते है। इन विषयों की जानकारी देने के लिए जिला प्रधान न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशांत हुद्दार के निर्देशन मे शासकीय हायरसेकंडरी स्कूल सोनाखार मे बालको के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम हेतु बाल सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह ने बताया की उक्त कार्यक्रम बालको के लिए किशोर न्याय अधिनियम, बालको के अधिकार, पर




गतिविधियों का आयोजन कर छात्रो मे जागरूकता लाना हे । वही छात्रो को संवैधानिक अधिकार के तहत मूल अधिकार, दायित्व, एवं उनके कर्तव्यों को विस्तार से बताया वही बालको के चार अधिकारो मे जीवन जीने का अधिकार,विकास का अधिकार, सहभागिता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध संरक्षण के अधिकारो से अवगत कराया ।विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्यामल राव ने, पाक्सो एक्ट मे दंड का विभिन्न प्रावधानों,मानव दुर्व्यापार, बालको पर होने वाले घटित अपराधों के लिए दिए जाने वाले दण्ड की धाराओं से अवगत कराया। बालिकाओ के साथ छेड़खानी, शरारत. पीछा करना. मजाक करना किसी के घरो पर ताक झांक करना महिलाओं की फोटो व विडियो वायरल करना . सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर अंजान लोगो से दोस्ती करना वही सार्वजनिक स्थानों . यात्री बसो ट्रेनों . व कार्यस्थलों पर किसी भी तरह की शरारत किसी व्यक्ति के द्वारा किया जाता है तो निःशुल्क टोलफ्री नंबर डायल 112 पर कॉल करने की जानकारी दी। प्राचार्य प्रतिभा चौरसिया ने बताया की विध्यालय मे उमंग पाठ्यक्रम के साथ छात्राओ को बैड टच गुड टच एवं बढ़ते अपराधो के विषय पर जानकारी दी जा रही हे । आयोजन को सफल बनाने मे शिक्षक नमिता संभारे, भावना शर्मा, नीलेश शर्मा,के आर ढोके, का सराहनीय सहयोग रहा ।

## नगर पंचायत न्यूटन को मिला स्वच्छता ही सेवा का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

14 अक्टुम्बर 2025 भोपाल में आयोजित मध्यप्रदेश राज्य का 5 वां राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान समारोह में नगर परिषद न्यूटन चिखली ने स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए ₹स्वच्छता ही सेवा सम्मान 2025₹ से नवाजा गया । नगर परिषद् न्यूटन चिखली को 20 हजार से कम की जनसँख्या श्रेणी में प्रथम पुरुस्कार प्राप्त हुआ । 5 वां राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान समारोह में पुरुस्कार प्राप्त करने वाली नगर परिषद् न्यूटन चिखली छिन्दवाड़ा जिले की एकमात्र निकाय है । जिसे पुरुस्कृत किया गया है ।यह सम्मान राज्य मंत्री नगरीय प्रशासन एवं आवास एवं आयुक्त व नगरीय प्रशासन एवं आवास भोपाल के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा यह सम्मान निकाय की ओर से भोपाल में उपस्थित नगर परिषद् अध्यक्ष अनुपमा राय , मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेहा धुर्वे पूर्व मुख्य नगरपालिका अधिकारी अजय ठाकरे उपयंत्री आरती टेकाम , निकाय कर्मचारी रंजीत अहाके , अजय शंकर भारती , शब्बीर अहमद सतीश कुमार सोनी आदि की टीम को प्रदान किया गया । प्राप्त जानकारी अनुसार स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में निकाय को इसी वर्ष जी एफ सी में 1 स्टार और ओ डी एफ डबल प्लस सम्मान भी प्राप्त हुआ है ।सम्मान पाकर सभी जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी प्रसन्नता से झूम उठे और ढोल नगाड़े पटाखे फोड़कर खुशियाँ मनाई । इस अवसर पर माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्प वर्षा कर सफाई मित्रों का सम्मान किया गया ।

## अंतर महाविद्यालय महिला पुरुष कुश्ती टूर्नामेंट का आयोजन

**बिछुआ।** वीर अमर शहीद स्वर्गीय श्री कबीर दास उईके शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को अंतर महाविद्यालयीन कुश्ती (महिला - पुरुष ) टूर्नामेंट का आयोजन किया गया कार्यक्रम के आरंभ में सरस्वती पूजन वंदना किया गया। प्राचार्य डॉ.आरपी यादव के निर्देशन में **IQAC** संयोजक डॉ.अजीत डेहरिया जनभागीदारी अध्यक्ष श्री प्रमोद विश्वकर्मा ने सभी छात्र ,छात्राओं की टीम से परिचय किया और सभी को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। क्रीड़ा अधिकारी डॉ.नीरज खंडागले ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के अलग-अलग महाविद्यालय जिसमे शासकीय महाविद्यालय चांद,शासकीय महाविद्यालय चौरई,राजकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय चौरई, शासकीय महाविद्यालय परासिया,शासकीय महाविद्यालय अमरवाड़ा शासकीय पीजी महाविद्यालय छिंदवाड़ा,शासकीय कन्या महाविद्यालय की टीमों ने बढ़ चढ़कर टूर्नामेंट में हिस्सा लिया महाविद्यालय में तीन स्तरों पर प्रतियोगिता कराई गई जिसमें कुल 22 छात्र छात्राओं का चयन किया गया। आयोजन में महाविद्यालय के ने विजेता सभी छात्र छात्राओं को जनभागीदारी अध्यक्ष श्री प्रमोद विश्वकर्मा ने शुभकामनाएं दी तथा अन्य टीमों को प्रोत्साहित किया तथा छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन साथ ही उमेश कुरोठे एवं रजत वानखेड़े,जयदेव कड़वे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.फरहत मंसूरी द्वारा तथा आभार प्रदर्शन डॉ.नीरज खंडागले द्वारा किया गया साथ ही श्री मनीष पटेल डॉ.विपिन मोखलगाय,डॉ.विवेक तिवारी डॉ.एसपी साकेत डॉ.मदन ठाकरे,रघुवीर उईके,रामप्रकाश डेहरिया श्री दुजारी,डॉ.शशि उईके,डॉ.शिवानी सोनी डॉ.माधुरी पूसे, श्री अजीत सिंह गौतम,सूर्यकान्त शुक्ला, तथा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। आयोजन के अंत में सभी छात्र छात्राओं को मेडल एवं प्रमाणपत्र वितरित किए गए सभी विजेता जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।



## भारत में विश्व विद्यार्थी दिवस पर प्रेरणादायी आयोजन

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में आज विश्व विद्यार्थी दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह दिवस भारत के महान वैज्ञानिक, मिसाइल मैन एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया, जिनका जीवन और कार्य विद्यार्थियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहा है।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि डॉ. कलाम का जीवन युवाओं के लिए दृढ़ संकल्प, सादगी और समर्पण का आदर्श है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे ज्ञान, विज्ञान और नैतिक मूल्यों के समन्वय से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएँ।इस अवसर पर भाषण, निबंध एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर डॉ. कलाम के विचारों — "सपना वह नहीं जो आप नींद में देखते हैं, सपना वह है जो आपको सोने नहीं देता" — को आत्मसात करने का संदेश दिया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश कुमार लोखंडे ने किया तथा संयोजन सूषमा टांडेकर एवं राजेश भाटिया द्वारा किया गया। अंत में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और सभी ने डॉ. कलाम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



## दीपावली अमावस्या की रात्रि से होगी मां काली जी की विशेष पूजा आराधना उपासना

**दमुआ।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली की अमावस्या रात 12 बजे से मां काली जी की मूर्ति स्थापना की जाती है और विधिविधान अनुसार पूजा सहित जस भजन कीर्तन देवी जागरण और विभिन्न कार्यक्रम दमुआ मां काली दक्षिणेश्वरी पूजा उत्सव समिति 24/25 खदान दमुआ में मां काली का भव्य मंदिर निर्माण कार्य चल रहा है एवं स्थाई रूप से विराजित मां काली जी की विशेष पूजा अराधना की जा रही है। इसी तरह श्री श्री काली पूजा उत्सव समिति बेरियर दमुआ द्वारा मां काली जी की मूर्ति स्थापना भव्य तैयारी की जा रही है। इस तरह श्री मां काली पूजा उत्सव समिति विद्युत मण्डल कार्यालय सब स्टेशन दमुआ के समीप मां काली स्थापना की भव्य तैयारी की जा रही है। इसी तरह मोहन श्रीवास्तव दमुआ न. 12 के निवास स्थान में भी मां काली जी मूर्ति की स्थापना की जाती है और विधिवत पूजन पाठ अराधना आरती के पश्चात विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न होते है एवं सारा माहौल भक्तिमय हो जाता है।



## फव्वारा चौक पर "स्वदेशी अपनाओ" की गूंज, बच्चों ने ली स्वच्छता सहित देशभक्ति की शपथ

**छिंदवाड़ा।** आज नगर के आफरा चौक पर टी-वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने "स्वदेशी अपनाओ – देश बचाओ" विषय पर एक भावनात्मक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।बच्चों ने अपने अभिनय के माध्यम से नागरिकों से अपील की कि विदेशी वस्तुओं का त्याग कर देशी उत्पादों को अपनाएँ और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएँ।कार्यक्रम में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर द्वारा सभी उपस्थित लोगों को स्वदेशी सहित स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर वृक्ष मित्र रविंद्र कुशवाहा, मॉडल फ्यूचर संस्था से आयशा लोधी, टी वर्ल्ड स्कूल के संचालक मोहम्मद इस्माइल कुरैशी, स्वच्छता चैंपियन सुश्री अलका नीरज शुक्ला एवं डॉ. मीरा पराडकर के साथ हमारा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी से डॉ. नरेंद्र सोमकुवॅर, आदर्श फाउंडेशन से डॉ. महेश बंदेवार, मानव अधिकार मिशन से डॉ. शेख असलम एवं समाजसेवी सुश्री अनुराधा पवार और सुश्री अंजू साहू उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और "स्वदेशी एवं स्वच्छ भारत" के अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

### सरकार से अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराने की अपील

# लांजी सरपंच संघ ने नल जल योजना के लिए बिजली बिलों के भुगतान हेतु अतिरिक्त वित्तीय सहायता की मांग की



हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी सरपंच संघ ने मध्य प्रदेश सरकार से नल जल योजना के तहत बिजली बिलों के भुगतान के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता की मांग की है। संघ का कहना है कि योजना को लागू करने में बिजली बिलों का भारी बोझ एक बड़ी चुनौती बन गया है, क्योंकि सरकार द्वारा पर्याप्त धन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।सरपंच संघ ने अपने ज्ञापन में बताया है कि नल जल योजना के बिजली बिलों का भारी खर्च सरपंचों और ग्रामीणों के लिए एक बड़ी परेशानी बन गया है। खासकर आदिवासी क्षेत्रों में, इन बिजली बिलों का बोझ ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है, जिससे योजना के संचालन और रखरखाव में बाधा आ रही है।लांजी सरपंच संघ ने सरकार से मांग की है कि नल जल योजनाओं के लिए बिजली बिलों के भुगतान हेतु अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, सही सीमा में बिजली बिल की अदायगी न कर पाने पर संबंधित विभाग को बिजली कनेक्शन न काटे जाने हेतु निर्देशित किया जाना चाहिए। संघ ने पांचवें वित्त आयोग के राशि में बढ़ोतरी कर या अतिरिक्त फंड जारी कर इस समस्या से निजात पाने की मांग की है।

लांजी सरपंच संघ ने अपनी मांगों को लेकर मध्य प्रदेश सरकार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के नाम लांजी एसडीएम कमलचंद सिंहसार को ज्ञापन सौंपा। संघ ने सरकार से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की अपील की है।

### हर घर नल हर घर जल ग्राम पंचायतों में बढ़ रहा बिजली का बोझ - ललित कबीरे सरपंच संघ अध्यक्ष ( ग्राम पंचायत आवा सरपंच)

माननीय नरेंद्र मोदी जी की महत्वाकांक्षी योजना नल जल योजना जिसका उद्देश्य यह था कि हर घर नल हर घर जल परंतु यहां देखा जा रहा है कि नल जल योजना तो चालू कर दी गई है लेकिन उसे संचालित करने में पंचायत के पसीने छूट रहे हैं कारण यह है कि लोगों के घर तक जल पहुंचने में आने वाले खर्च को पंचायत वहां नहीं कर पा रही है जैसे कि ऑपरेटर बिजली सुधार कार्य जैसे अन्य और भी कार्य है जिसके लिए राशि व्यय करने का कोई जरिया नहीं है। जिसकी मांगों को लेकर हमारे द्वारा मध्य प्रदेश सरकार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के नाम अनुभाग्य अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सोपा गया है और आज सभी पंचायत के सरपंच उपस्थित रहे हैं और हमने यह मांग की है कि नल जल योजना अंतर्गत बिजली बिल दी हेतु हमें अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराई जाए।

### माननीय मोदी जी की योजना नल जल योजना को पलीता लगाने वाले संबंधितो को पाकिस्तान भेजकर फांसी की सजा दी जाए- नेहल गौतम सरपंच संघ उपाध्यक्ष (कुम्हारी खुर्द सरपंच)

मध्य प्रदेश के सभी ग्राम पंचायत में जो नल जल योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतो में जो लाखों रुपए के बिल विद्युत विभाग के द्वारा दिए जा रहे हैं । जिसको लेकर सभी पंचाय तो के सरपंचों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की ऐसे कई ग्राम पंचायत हैं जिसमें बिजली विभाग के द्वारा भेजे गए दो से ढाई लाख रुपए के बिल अभी भी बकाया है। ऐसी स्थिति में सरपंचों को दो से ढाई लाख रुपये अपने जेब से भरना पड़ेगा या तो फिर उन सरपंचों को फांसी पर चढ़ना पड़ेगा। मेरा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल जी से निवेदन है कि इस योजना को सुचारू रूप से माननीय मोदी जी के दूरगामी सोच को लेकर हर घर नल हर घर जल को सुचारू रूप से चलने के लिए और ग्राम पंचायतो के चुने गए जनप्रतिनिधियों को इस योजना को कैसे चलना है उसे व्यवस्थित करें। और संबंधित उच्च अधिकारियों की बैठक लेकर इस पर चर्चा कर इस योजना को पलीता लगने से बचाया जाए। और इस कारण से पूरे प्रदेश में देखा जा रहा है कि सबसे असफलता योजना मुझे तो नल जल योजना ही लग रही है। और यह योजना को बंद कमरे में उच्च अधिकारियों और चंद नेताओं के बीच काजू किशमिश खाकर और मजाक के तौर पर इस योजना को चलाई जा रही है। और मोदी जी की दूरगमी योजना हर घर नल हर घर जल को पलीता लगाने का कार्य किया जा रहा है वही हमारे लांजी क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व ग्राम थानेगांव में एक टंकी जमीन दोष हो गई। यह टंकी भी उच्च अधिकारी और नेताओं के काजू बादाम कतली का शिकार हो गई। इस योजना को पलीता लगाने वाले संबंधीतो को

### आज से छिंदवाड़ा में प्रारंभ होगी प्रतियोगिता

# संभाग स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए 4 बालिकाओं का चयन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी खेल कैलेंडर 2025-26 अनुसार संभाग स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय राजमाता सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा द्वारा 16 अक्टूबर 2025 से किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी के 4 छात्राओं का चयन हुआ हैं। जिसमें कुमारी मुस्कान गोखले एम ए प्रथम वर्ष पिता दुर्गा प्रसाद गोखले व कुमारी श्रेया टेम्भरे बी ए प्रथम वर्ष पिता कमल टेम्भरे व कुमारी शिवि रहांगडाले बी ए प्रथम वर्ष एवं कुमारी यामिनी पंचेश्वर पिता नंदकिशोर पंचेश्वर का चयन हुआ है। ज्ञात हो कि सभी का चयन जिला स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजक शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में उच्च प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने उपविजेता के रूप में अपना स्थान प्राप्त किया था, इसी आधार पर इन बालिकाओं का चयन हुआ है। सभी के चयन महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन व महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ एस एस गेड़ाम, क्रीड़ा अधिकारी विकास साहू, क्रीड़ा समिति के समस्त सदस्यगण, समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, नियमित कार्यालयीन कर्मचारी गण, अतिथि विद्वान, जनभागीदारी शिक्षक व कर्मी, आउटसोर्स कर्मी ने बधाइयां प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मेहंदीवाडा, कटंगटोला व रामपायली में मनाया गया धर्म चक्र परिवर्तन दिवस

# बाबा साहेब के संविधान के कारण मै बना विधायक : पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



धर्म चक्र परिवर्तन दिवस के अवसर पर ग्राम मेहंदीवाड़ा, कटंगटोला व रामपायली में बौद्ध अनुयायियों द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर विधायक श्री पटेल के कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने पर बौद्ध अनुयायियों द्वारा उनका पुष्प हार से स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री पटेल द्वारा डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर व भगवान गौतम बुद्ध के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस मौके पर बौद्ध अनुयायियों को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि इस समय पूरे देश में धम्म चक्र परिवर्तन दिवस मनाया जा रहा हैं। 14 अक्टूबर 1956 को बाबा साहब ने दीक्षाभूमि में बौद्ध धर्म की दीक्षा ग्रहण की थी। उन्होंने कहा था कि मैने हिंदू धर्म में जन्म लिया हूँ, मगर मृत्यु बौद्ध धर्म में होगी। बाबा साहब ने जो कहा है आप लोग उसे पढ़े, अपने जीवन में उतारे, माता-पिता अपने बच्चों को अच्छा पढ़ाये, बच्चे जो पढ़ेंगे, वहीं सीखेंगे। सोशल मीडिया में गलत प्रचार किया जाता हैं, बाबा साहब ने क्या किया हैं, उनकी किताबे पढ़े, बहुत कुछ सीखने मिलता हैं। बाबा साहेब के द्वारा बनाए गए संविधान के चलते ही हम सब एक साथ बैठे हैं। छोटा सा कार्यकर्ता आज विधायक बना हैं, यह बाबा साहब अंबेडकर की देन है। पहले राजा का बेटा ही राजा बनता था, मगर अब मतदान के कारण हम अपना जनप्रतिनिधि चुनते है, यह बाबा साहब की देन हैं। बाबा साहब के संविधान से ही हमको भाईचारा मिला हैं, बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएंगे, तभी हम शिक्षित बनेंगे, तभी संगठित रहेंगे।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य जगदीश बंसोड, सरपंच संदीप बाघमारे, रजनीश नकासे, सुदेश गुड्डू सोनी, राजकुमार चौधरी, आनंद मेश्राम, सत्यशील गोनाडे, नंदकिशोर कुम्भलवार, पृथ्वीराज धवलकर, राजेश डोंगरे, उमेश गजभिये, बालाराम सहारे, सुरेन्द्र भुते, मानिक तेलकर, गुलाब राउत, आशिफ अली, कविता बंसोड, ममता बंसोड सहित सामाजिकगण मौजूद रहे।

### धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस, वर्षावास समापन, सम्मान समारोह धम्मध्वज यात्रा का आयोजन सम्पन्न

# महाबोधी महाविहार बोधगया विश्व धरोहर-क्रांतिकारी भंते विनयाचार्य

### बौद्धों की विरासत बचाने के आंदोलन के साथ संस्था के धम्म कार्य निरंतर करना होगा-डॉ.चरनदास ढेंगरे



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** पूरे भारत वर्ष में बोधिसत्व डा. बाबा साहेब आंबेडकर जी द्वारा स्थापित भारतीय बौद्धो की धार्मिक संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के राष्टीय ट्रस्टी/ कार्याध्यक्ष,बाबा साहेब के पौत्र डॉ.भीमराव यशवंत राव आंबेडकर साहेब के निर्देशन में संपूर्ण भारत देश में बौद्ध धम्म का कारवां निरंतर गतिमान होने के साथ ही बौद्धो की सभी विरासते बचाने के लिये आंदोलन निरंतर जारी है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश के जिला शाखा इंदौर मुख्यालय में दिनांक 12 अक्टुबर को स्थानीय माई मंगेशकर सभागृह लोहामंडी में धमचक्र प्रवर्तन दिवस,वर्षावास समापन, प्रबोधन मालिका, मिलन सम्मान समारोह व धम्म ध्वज यात्रा का आयोजन किया गया। विशेष रूप से महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन के प्रणेता क्रांतिकारी भंते विनयाचार्य जी बोधगया का आगमन हुआ। इस आयोजन के मुख्य अतिथि संस्था के एड. एस.के.भंडारे सर राष्टीय उपाध्यक्ष , केन्द्रीय कार्यालय प्रमुख मुंबई, प्रमुख अतिथि बी.एच.गायकवाड गुरूजी राष्टीय सचिव एवं म.प्र. के पालक मंत्री मुंबई, भीम जन्म भूमि के अध्यक्ष भंते प्रज्ञशील जी इंदौर,गौतम पाटिल सर राष्टीय संघठक भोपाल,डॉ.चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष एवं केन्द्रीय शिक्षक म.प्र.बालाघाट,राजकपुर कामडे प्रदेश कार्य.सचिव एवं केन्द्रीय शिक्षक बालाघाट, आद.आर.सी.दिवाकर प्रदेश अध्यक्ष (उत्तर)म.प्र.शिवपुरी डॉ. उत्तम प्रधान म.प्र.महामंत्री एवं लेफ्टीनेट कर्नल SSD,डॉ. शांताराम वाघ म.प्र. उपाध्यक्ष एवं लेफ्टीनेंट कर्नल SSD इंदौर, कैलाश एम.इंगले राज्य संघठक, डा. शीला दांडगे एवं अन्य सदस्य मंचासीन थे। समारोह की अध्यक्षता युवा साथी शुभम रायपुरे जिलाध्यक्ष एवं एसएसडी के पदाधिकारी इंदौर के द्वारा की गई थी। सफल मंच संचालन महामंत्री संतोष सकपाल द्वारा किया गया था,सर्वप्रथम अग्रसेन चौराहा से विशाल धम्म ध्वज यात्रा महारैली का आयोजन संस्था के राष्टीय,म.प्र. राज्य, जिला शाखा इंदौर के सभी शाखाओं के,समता सैनिक दल के,महिला प्रभाग अर्थात माता रमाई महिला मंडल के साथियो की उपस्थिति वं भिक्खु संघ एवं सभी धम्म अनुयायी यो की उपस्थिति में किया गया। जिसमें हजारो की संख्या में धम्म उपासक, उपासिका शामिल रहे। 500 मीटर लंबे धम्म ध्वज के साथ यह रैली भंते विनयाचार्य जी के उपस्थिति में आकर्षण का केन्द्र रही। भ्रमण करने के पश्चात रैली कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां पर BSI धम्म संस्था,SSD के मोनो के साथ, सेल्फी पाइँट पे हस्ताक्षर अभियान के तहत सभी ने अपने हस्ताक्षर किये। मंचीय कार्यक्रम में सामूहिक पूजा वंदना के बाद सभी अतिथियों ने सभी को संबोधित किया। मुख्य प्रबोधन में क्रांतिकारी भंते विनयाचार्य जी ने सारगर्भित रूप से उदबोधन दिये। उन्होने बताया कि महाबोधी महाविहार विश्व धरोहर है। वह सम्बोधी स्थान दुनिया में केवल बोधगया महाविहार है,उक्त आंदोलन में सभी ने सहयोग करना चाहिए। प्रमुख अतिथि संस्था के ट्रस्टी व राष्टीय उपाध्यक्ष एड.भंडारे जी ने क्रांतिकारी अंदाज में सभी को बताया कि महाबोधी महाविहार, दीक्षाभूमि नागपुर, भीम जन्म भूमि इंदौर सहित सभी बौद्धो की विरासते विरोधियो से लेकर रहेगें।

## खबर संक्षेप

### बेलटोला में दंगल का आयोजन 26 को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** छठ मेला के अवसर पर ईनामी दंगल का आयोजन 26 अक्टूबर दिन रविवार को को किया गया है। कुरई जनपद की ग्राम पंचायत खांकरा के ग्राम बेलटोला में आयोजित दंगल के विजेता को को 30 हजार व उपविजेता को 14 हजार रूपए नगद दिया जाएगा। इसके साथ्ज्ञ ही तृतीय,चतुर्थ को भी नगद राशि दी जाएगी। दंगल में 92 किलो ग्राम से लेकर 55 किलो ग्राम तक के पहलवान अपने दांव-पेंच को दिखा सकते हैं। बेलटोला के समस्त ग्रामवासियों ने पहलवानों व दंगल प्रेमियों से अधिक से अधिक सं या में उपस्थित होकर दंगल व मेले का आनंद उठाने का आग्रह किया है।

### दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के नागनदेवरी गांव के पास मंगलवार रात में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एक बाइक सवार दरगड़ा से धूमा की ओर जा रहा था, जबकि दूसरा धूमा से दरगड़ा की तरफ आ रहा था। नागनदेवरी गांव के समीप पहुंचने पर दोनों वाहनों की भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को धूमा उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद, डॉक्टरों ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें लखनादौन सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। डॉ. रोहित रजक, एंबुलेंस चालक सूर्यकांत तिवारी और 112 के स्टाफ ने घायलों को सुरक्षित लखनादौन पहुंचाया। फिलहाल, दोनों घायलों का इलाज जारी है। पुलिस उनकीपहचान सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है।

### घर की राह भटकी 4 वर्षीय मासूम को डायल-112 के जवानों ने परिजन से मिलाया

**सिवनी।** थाना कोतवाली क्षेत्र में फ़िल्टर चौक पर एक 04 वर्षीय बालिका मिली है, जो घर का रास्ता भटक गयी है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में प्राप्त सूचना प्राप्ति पर तत्काल कोतवाली थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक मुकेश एवं पायलेट कमलेश मरकाम ने मौके पर पहुँचकर बच्ची को संरक्षण में लिया। डायल-112 जवानों ने बालिका को एफ आर व्ही वाहन से साथ लेकर आस-पास परिजन की तलाश एवं पूछताछ करने पर बच्ची के परिजन उसे ढूँढ़ते हुए मिले,जिन्हें बच्ची द्वारा परिजन की पहचान व सत्यापन उपरांत परिजन के सुपुर्द किया। प्राप्त जानकारी अनुसार बालिका काशवी नागोत्र पिता पंकज नागोत्र उम्र 04 वर्ष घर से निकलकर रास्ता भटक गयी थी।

# विवादास्पद डॉ. प्रदीप गेदम को केवलारी सिविल अस्पताल से हटाया गया

## नियम विरुद्ध की गयी थी, डॉ गेडाम की केवलारी सिविल अस्पताल में पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।



केवलारी,सिविल अस्पताल केवलारी में डॉ प्रदीप गेडाम की नियुक्ति एक बड़ी जनचर्चा का विषय बन गया है। कुछ माह पूर्व केवलारी अस्पताल में जोड़ तोड़ से पदस्थ हुए, डॉ प्रदीप गेडाम एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ सुजाता गेडाम को सिविल अस्पताल में केवलारी में किया गया था ।पर कुछ ही दिनों के बाद लांजी नगर परिषद के सिविल अस्पताल में उनकी बहुचर्चित कार्यशैली जिसमें गम्भीर आरोपो के चलते वहां आमजनता, जनप्रतिनिधियों,ने बहुत बड़ा जन आंदोलन खड़ा करके इनको हटाया था। इन्होंने अपने राजनीतिक तिकडम से जिला सिवनी से केवलारी सिविल अस्पताल में अपनी पद स्थापना करवा ली। परंतु यहां पर भी सबसे बड़ा सवाल उठता है कि जब डॉ प्रदीप गेडाम की पोस्ट पद जिला अस्पताल का तब सिविल अस्पताल में उनकी नियुक्ति किन राजनीतिक दबाव के चलती की गई। क्योंकि डॉ प्रदीप गेडाम की सीनियरिटी को देखते हुए इनका पद जिला मुख्यालय अस्पताल के स्तर का है पर यहां किन कारणों से नियुक्ति दी गई। यह गंभीर चर्चा का विषय है। गेडाम दंपति ने केवलारी सिविल अस्पताल में अपना अपनी लांजी वाली कार्यशैली जारी रखते हुए मेडिकल सर्टिफिकेट के नाम पर पैसे लेना दवाइयां में पैथोलॉजी में कमीशन बाजी करना सरकारी अस्पताल टाइम में ड्यूटी से नदारत होकर उगली छिन्दा पलारी में अपनी प्राइवेट क्लीनिक में कार्य करना सरकारी अस्पताल की दवाइयां को हल्की बताना सरकारी अस्पताल की पैथोलॉजी जांच को झूठी बतलाना आदि इनकी कार्यशैली का हिस्सा बन गया था। जिस पर नगर के केवलारी नागरिक जागरूक मंच के सदस्यों ने श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यों ने एवं केवलारी के गणमान्य नागरिकों ने जनप्रतिनिधि ने मिलकर इस बात को सोशल मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रिंट मीडिया के माध्यम से विभिन्न प्रकार से मांग मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला मंडला लोकसभा क्षेत्र के सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते , पूर्व विधायक राकेश पाल केवलारी, जिला कलेक्टर जिला सीएमएचओ से लगातार मांग की जाती रही कि इन विवादित दंपति को हटाने की मांग प्रबल होती गई। जिसके चलते आज नियम विरुद्ध सिविल अस्पताल में पदस्थ डॉ प्रदीप गेडाम को हटाया गय। जिससे केवलारी क्षेत्र की आम जनता में हर्ष व्याप्त है ।वहीं लोगों का कहना है कि आरोपों घिरी डॉ सुजाता को भी शीघ्र ही हटाया जाए ।अन्यथा एक बड़ा जन आंदोलन की रूपरेखा केवलारी नगर के लोगों ने तैयार कर रखी है जो भविष्य में देखने को मिलेगी।

# छपारा वन विभाग द्वारा 27 नग सागौन की चिरान पकड़ी

## वाहन सहित आरोपी पकड़ाए की जांच जारी

**छपारा:- उत्तर सिवनी वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र छपारा द्वारा एक बड़ी कार्यवाही करते हुए पिकअप वाहन से 27 नग सागौन की चिरान पकड़ी गई।**



छपारा वन परिक्षेत्र अधिकारी शरद सिंह द्वारा दी गई जानकारी अनुसार वरिष्ठ अधिकारी मधु व्ही.राज,वन संरक्षक वृत्त सिवनी एवं वन मंडल अधिकारी महेन्द्र सिंह उईके उत्तर सिवनी वनमंडल के मार्ग निर्देशन एवं उपवनमंडल अधिकारी छपारा (सा.) के नेतृत्व में 14 अक्तूबर की दरमियानी रात को मुखबिर की सूचना के आधार पर उत्तर सिवनी वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र छपारा (सा.) की बीट ऊंटेकटा में घुनई से चमारी मार्ग पर ग्राम सूखामाल के नज़दीक छपारा वन अमले द्वारा घेराबंदी कर एक महिन्द्रा मेक्स पिकअप वाहन क्रमांक एमपी. 20.जेटके.2235 को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उक्त वाहन में सागौन चिरान 27 नग = 0.2588 घ.मी. लोड पाया गया। साथ ही वाहन में उपस्थित आरोपी इन्द्रेश पिता कैलाश उइके ग्राम बिचुआ (आदेगांव) को पकडक़र सागौन चिरान के संबंध में पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी के द्वारा सागौन चिरान के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। वहीं आरोपी इन्द्रेश पिता कैलाश उइके की निशानदेही पर अन्य आरोपी रत्नेश पिता हरवन धुर्वे ग्राम बिचुआ थाना आदेगांव, तहसील लखनादौन जिला सिवनी (म.प्र.) को भी पकड़ा गया। सागौन चिरान के अवैध परिवहन की पुष्टि होने पर अपराध में लिप्त वाहन महिन्द्रा मेक्स पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 20 जेट के 2235 एवं सागौन विरान 27 नग 0.2588 घ.मी. को जप्त किया जाकर पी.ओ.आर. प्रकरण क्रमांक 49101/24 दिनांक 14.10.2025 पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही की गई,प्रकरण में अग्रिम विवेचना जारी हैं।

### इनका रहा सराहनीय कार्य

शरद सिंह वन परिक्षेत्र अधिकारी,चंद्रविनय सिंह सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी,ऋषि पंद्रे सहायक परिक्षेत्र अधिकारी गणेशगंज, शास्वत सिंह राजपूत कार्यवाहक वनपाल अधिकारी, उदय सिंह उईके वन रक्षक, निरंजन सिंह मर्सकोले वन रक्षक, गोपी पाटर वन रक्षक, शाकिर अब्बास खान वन रक्षक, लकी चंद्रवंशी वनरक्षक।

# सिवनी हवाला कांड: गिरफ्तार डीएसपी सहित 10 पुलिस कर्मी दो दिनों की पुलिस रिमांड पर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले में हुए चर्चित हवाला कांड में गिरफ्तार डीएसपी पूजा पांडे सहित कुल 10 पुलिस कर्मचारियों को बुधवार को माननीय न्यायालय सिवनी के समक्ष पेश किया गया जहां सभी को 17 अक्टूबर तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है। वही एक आरोपी की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। बीते दिवस 8 अक्टूबर की रात लखनवाड़ा थाना क्षेत्र में हुए हवाला कांड में डीएसीपी पूजा पांडे व बंडोल थाना प्रभारी अर्पित भैरम सहित कुल। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 310 (2) डकैती, 126 (2) ग़लत तरीके से रोकना, 140(3) अपहरण और 61(2) आपराधिक षड्यंत्र के तहत अपराध दर्ज किया गया है। जहां पुलिस ने 10 आरोपियों डीएसपी पूजा पांडे, एसआई अर्पित भैरम, आरक्षक योगेंद्र चौरसिया, नीरज राजपूत और आरक्षक जगदीश यादव, केदार बघेल, माखन इनवाती, सुभाष सदाफल, रविंद्र उईके, चालक रितेश को गिरफ्तार किया है वही एक आरोपी आरक्षक राजेश जंघेला की गिरफ्तारी होना बाकी है। गिरफ्तार किए गए सभी 10 आरोपियों को बुधवार को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां उन्हें 02 दिनों की पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# छपारा नगर में संपन्न हुई जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ छपारा।



छपारा नगर में पहली बार माँ बैनगंगा शतरंज प्रतियोगिता संपन्न हुई । उक्त प्रतियोगिता नगर के सिटी एंजेल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में संपन्न हुई । इस प्रतियोगिता में लगभग 80 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया , जो की नगर छपारा वा सिवनी के अतिरिक्त आस पास के जिलों मंडला , छिंदवाड़ा , नरसीहपुर , जबलपुर से भी बड़ी संख्या में खिलाडिय़ों ने अपना जौहर दिखाया । धनौरा , लखनादौन , धूमा से भी बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित हुए । प्रतियोगिता में सिवनी नगर से पधारे 84 वर्षीय श्री ख़ान साहब ने अपना अनुभव साझा किया और खिलाडिय़ों का ना केवल मनोबल बढ़ाया बल्कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया । प्रतियोगिता का प्रथम इनाम 1001 रुपये व ट्रॉफी, द्वितीय इनाम 501? एवं ट्रॉफी तथा तृतीय पुरस्कार 251 सहित ट्रॉफी निर्धारित की गई थी । प्रत्येक आयु वर्ग में ट्रॉफी प्रदान की गई जबकि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाडिय़ों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। लगभग 38 ट्रॉफिय़ों का वितरण किया गया । कार्यक्रम में प्रमुख सहयोगी हेमंत श्रीवात्री हीरो एजेंसी छपारा , अर्जुन सिंह इंडेन गैस छपारा, जितेन्द्र राजपूत जीविका ट्रेडर्स छपारा , देवेन्द्र ठाकुर उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी रहे अन्य सहयोगी के रूप में ओम शिवे , मयंक साहू , जितेन्द्र सोनी , तौफिक ख़ान , अतीक ख़ान , नितिन सोनी , राजेंद्र डहेरिया का विशेष सहयोग रहा । उक्त प्रतियोगिता छपारा चेस क्लब द्वारा आयोजित की गई, जिसमे संरक्षक के रूप में डॉ संतोष ठाकुर , सुरेश श्रीवास्तव , नरेश श्रीवास्तव , एन.ए. ख़ान , ने अपनी उपस्थिति में उक्त प्रतियोगिता को सफल बनाया । प्रतियोगिता के प्रमुख आयोजक प्रशांत ठाकुर रहे जबकि अंतिम निर्णायक की भूमिका चीफ आर्बिटर अतुल श्रीवास्तव ने निभाया,इस प्रतियोगिता को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन संपन्न करवाने के लिए सूर्यदीप सिशोदिया की विशेष भूमिका रही , जबकि अन्य व्यवस्थाओं के लिए सिटी एंजेल पब्लिक स्कूल के सभी स्टाफ़ ने अपनी भूमिका निभाया । विद्यालय प्राचार्य एवं प्रतियोगिता प्रभारी प्रशांत ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही विद्यालय प्रांगण में छपारा चेस क्लब में तत्वाधान में फ़ीडे इंटरनेशनल टूर्नामेंट का भी आयोजन किया जाएगा ।

# सेवा समाप्ति आदेश के बाद भी ठेका कर्मी कार्यरत

एमपीपीकेवीवीसीएल (MPPKVVCL) सिवनी में ठेका श्रमिक के रूप में कार्यरत शुभम सराठे को प्राइमवन वर्कफोर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 30 सितंबर 2025 को सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया गया था। कंपनी के पत्र क्रमांक PWPL/2025-26/SL/1037 में स्पष्ट उल्लेख किया गया कि शुभम सराठे की सेवाएं 2 अक्टूबर 2025 से समाप्त मानी जाएंगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

## इंजीनियर और सब इंजीनियर की शह पर जारी है ड्यूटी

फिर भी चौंकाने वाली बात यह है कि सेवा समाप्ति आदेश जारी होने के बावजूद शुभम सराठे आज भी विभाग में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार यह स्थिति स्थानीय इंजीनियर और सब इंजीनियर की मौखिक सहमति और समर्थन के चलते बनी हुई है। कंपनी के पत्र में कर्मचारी पर अनुशासनहीनता और कार्य में लापरवाही जैसे आरोप लगाए गए थे, जिसके आधार पर सेवा समाप्त की गई थी। लेकिन आदेश का पालन न होना विभागीय समन्वय और प्रबंधन की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय कर्मचारियों का कहना है कि यदि सेवा समाप्ति आदेश वैध है, तो उसका अनुपालन होना चाहिए। वहीं, इंजीनियरों द्वारा ऐसे कर्मचारियों को कार्यरत रखना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि विभाग की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है। अब देखना यह होगा कि प्राइमवन वर्कफोर्स प्राइवेट लिमिटेड और एमपीपीकेवीवीसीएल सिवनी इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नवीन कार्यकारिणी की घोषणा



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिवनी द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभाग संयोजक हर्ष अग्रवाल जी, जिला संयोजक सुजल मिश्रा जी, नगर मंत्री सृजल सिंह ठाकुर जी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य आदित्य बघेल जी, नगर सह मंत्री उमेश सनोडिया जी, खुशबू परिधि जी एवं प्रियांशु सनोडिया जी सहित अनेक प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला संयोजक सुजल मिश्रा जी ने नवीन कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विद्यार्थी परिषद के इतिहास, उद्देश्य एवं संगठनात्मक कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा गैर-राजनीतिक छात्र संगठन है, जो निरंतर छात्रहित एवं राष्ट्रहित में कार्य कर रहा है। इसके पश्चात नगर मंत्री सृजल सिंह ठाकुर जी ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस नवीन कार्यकारिणी (2025-26) अध्यक्षः बृजेश जंघेला कॉलेज मंत्रीः बहन श्रेया बघेल उपाध्यक्षः अभिजीत पटले, अमन जंघेला, बहन कोहिमा सनोडिया सहमंत्रीः आयुष साहू, प्रशांत बघेल, विभा रजक **SFD** प्रमुखः अमित रघुवंशी, बहन भुवनेश्वरी तुमदम **SFD** सह प्रमुखः रानू वर्मा, बहन दुर्गेश्वरी तिवारी **SFS** प्रमुखः चंद्रशेखर चंद्रवंशी **SFS** सह प्रमुखः विशाल मरकाम, बहन सृष्टि साहू खेलो भारत प्रमुखः प्रखर रुनिझा सह खेलो भारत प्रमुखः कैलाश राठौर राष्ट्रीय कला मंचः आयुष श्रीवास सह राष्ट्रीय कला मंचः साक्षी जरगे स्टडी सर्किलः बहन प्रतिभा जंघेला **B.A**. प्रमुखः श्रुति बिसेन **B.Com** प्रमुखः महिमा उईके **B.Sc**. प्रमुखः साक्षी मरावी- कार्यक्रम के अंत में सभी नव-घोषित पदाधिकारियों को संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा शुभकामनाएँ दी गईं एवं सभी ने "ज्ञान शील एकता" के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कार्य करने का संकल्प लिया।

# स्टूडेंट्स फॉर वन नेशन वन इलेक्शन छात्र सम्मेलन सम्पन्न




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** देश भर में एक देश एक चुनाव को लेकर विभिन्न गतिविधिया चल रही हैं सरकार भी विभिन्न समितियां बनाकर इस विषय पर विचार कर रही है।

स्टूडेंट्स फॉर वन नेशन वन इलेक्शन के जिला संयोजक अंकित सिंह ठाकुर ने बताया कि बार बार होने वाले चुनाव विद्यार्थियों की भी शैक्षिक गतिविधि और अन्य एकेडमिक कार्य प्रभावित करते हैं इसलिए छात्रों से संवाद हेतु पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें सैकंडों विद्यालयीन और महाविद्यालयीन छात्रों ने सहभाग किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष मीना बिसेन, बालाघाट सिवनी सांसद भारती पारधी, सिवनी विधायक दिनेश राय,प्रादेशिक सदस्य अंकिता तिवारी, जनभागीदारी अध्यक्ष अजय बाबा पांडे, एबीवीपी विभाग संयोजक हर्ष अग्रवाल,प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग इत्यादि की प्रमुख उपस्थिति रही।

विधायक दिनेश राय ने कहा कि बार बार चुनाव होने से देश पर आर्थिक बोझ पड़ता है और जिस तरह एक परिवार में कुछ ही माह के अंतराल में दो विवाह हो जाते हैं तो उस परिवार पर आर्थिक सामाजिक मानसिक सभी प्रकार का दबाव आ जाता है उसी प्रकार बार बार होने वाले चुनाव देश के लिए बड़ा बोझ है।

सांसद भारती पारधी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2047 तक विकसित भारत का जो मंत्र दिया है उसमें सबसे बड़ा बाधक यदि कुछ है तो वह बार बार होने वाले चुनाव हैं भारत को विकसित बनाने के लिए एक देश एक चुनाव अति आवश्यक है।

भाजपा जिलाध्यक्ष मीना बिसेन द्वारा कहा गया कि एक देश एक चुनाव से किसी एक पार्टी को लाभ नहीं होगा आज भी कुछ राज्यों की विधानसभा के चुनाव लोकसभा के साथ होते हैं पर वहां का परिणाम से स्पष्ट है कि जनता केंद्र और राज्य में अलग अलग विचार से मतदान करती है, इसलिए एक राष्ट्र एक चुनाव देशहित में है।

## जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेंला संपन्न

# 199 आवेदकों का प्रारंभिक रूप से हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर श्रीमति शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन , जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, एवं शासकीय आई टी आई सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार 15 अक्टूबर को शासकीय आई टी आई सिवनी में युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त मेले में निजी क्षेत्र की 09 विभिन्न कम्पनियों ने भाग लिया। आयोजित रोजगार मेले में 270 आवेदकों नें अपना पंजीयन कराकर मेले में भाग लिया। जिसमें विभिन्न कम्पनियों द्वारा 199 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। उन्होंने बताया कि मेलें मे गोल्डन फार्मर द्वारा 38, वर्धमान फ्रेबिक द्वारा 07, आमदनी प्राईवेट लिमिटेड द्वारा 10, अंबुजा फाउंडेशन द्वारा 35, साई प्रसाद इंड्रस्टीयल सर्विसेस पूणे द्वारा 31, मोबाईटी पे. द्वारा 30, एल आई सी सिवनी द्वारा 24, स्वतंत्रता माइक्रो फाइनेंस द्वारा 09 एवं प्रथम एजुकेशन द्वारा 15 आवेदकों का रोजगार के लिए प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। जिसमें अप्रेंटिसशिप के लिए आमधन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा 10 आवेदकों का चयन किया गया। जिला स्तरीय रोजगार मेले मे उपस्थित कंपनियों द्वारा सुरक्षा गार्ड, ट्रेनीज, सहायक, काल सेंटर, फील्ड वर्कर, मशीन आपॅरेटर, पर्यवेक्षक, कम्प्यूटर आपॅरेटर, तकनीकि सहायक आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की गई।

आयोजित उक्त मेले में जिला व्यापार उद्योग सिवनी द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत 01 आवेदक को 3 लाख की स्वीकृति आदेश प्रदाय किया गया एवं आजीविका मिशन द्वारा सी.सी.एल. योजना अंतर्गत 03 स्वसहायता समूह से 36 आवेदकों को 12 लाख की राशि की स्वीकृती आदेश / चैक प्रदाय किये गये। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 213 आवेदकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उक्त मेले में श्री व्ही. के. सदाफल जिला रोजगार अधिकारी सिवनी, श्री बी.डी. डहेरिया प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सिवनी, श्री नागोत्रा प्राचार्य आईटीआई सिवनी, श्री डी.के. ठाकुर पूर्व प्राचार्य, श्री संदीप सैनी प्लेसमेंट ऑफिसर शासकीय आई टी आई सिवनी एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

सिवनी / अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बरघाट ने पंचायत एवं नगर परिषद निकायों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत दावा आपत्ति निराकरण कार्य में लापरवाही एवं अनुपस्थित पाये जाने को लेकर ग्राम पंचायत धारनाकला के प्राधिकृत कर्मचारी श्री मोहनलाल डहेरिया एवं ग्राम पंचायत जेवनारा के प्राधिकृत कर्मचारी श्री सुदामा भालेकर तथा ग्राम पंचायत नगझिर के प्राधिकृत कर्मचारी श्री विपिन बिसेन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। औचक निरीक्षण के दौरान संबंधित कर्मचारी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गए थे। तीन दिवस के भीतर संबंधित कर्मचारियों द्वारा समाधान कारक जवाब प्रस्तुत न करने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### भावांतर योजना के अन्तर्गत सोयाबीन पंजीयन के लिए कृषकों से अपील

सिवनी / उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास सिवनी ने बताया कि भारत सरकार की प्राईस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावान्तर योजना) अन्तर्गत खरीफ वर्ष 2025 (विपणन वर्ष 2025-26) में ई-उपार्जन पोर्टल पर दिनांक 03 अक्टूबर 2025 से 17 अक्टूबर 2025 तक सोयाबीन का पंजीयन किया जाना है। इस हेतु जिला सिवनी में सोयाबीन के पंजीयन हेतु 3 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है जो कि क्रमशः सहकारी प्रक्रिया एवं विपणन संस्था मर्यादित सिवनी वि.ख सिवनी, सेवा सहकारी समिति मर्या. खैरापलारी वि.ख. केवलारीएवं आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. धूमा वि.ख. लखनादौन है। कृषक भाईयों से अपील की जाती है सोयाबीन पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर 2025 है अतः अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन करावें।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कबीर वार्ड में वितरित की शैक्षणिक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



सिवनी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला कबीर वार्ड सिवनी में विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को लोअर, टी-शर्ट, स्कूल बैग, ड्रॉइंग बुक, पंखा, दरी, जूते-मोजे, पेन-पेंसिल सहित अनेकों आवश्यक वस्तुएं प्रदान की गईं।

इस अवसर पर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सिवनी के अध्यक्ष संजय कुमार मालू, सचिव दौलत सेवलानी, सह सचिव अनिल नाहटा, कोषाध्यक्ष अनिल सिंघानिया, कार्यकारिणी सदस्य रमेश तिवारी, डी.पी. साहू, बलराम सेवलानी, प्रकाश तेंभरे, सुनील मालू सहित अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में ब्रजमोहन सिंह बघेल एवं मुकेश नेमा, कुर्मी वार्ड से वंदना सोनकेशरिया, आनंद मोहन शर्मा कबीर वार्ड से श्वेता करिया, भारती वैस , सामग्री वितरण में उपस्थित रहे।जिनका विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में विशेष योगदान रहा। साथ ही कई अभिभावकों ने भी सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई। विद्यालय के बच्चों ने चैंबर सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने हाथों से बनाए हुए वेस्टेज अखबरी पेपर से तैयार सुंदर गुलदस्ते अतिथियों को भेंट किए। बच्चों की इस रचनात्मक पहल की सभी ने प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे मन लगाकर पढ़ाई करेंगे और भविष्य में कुछ बनकर समाज तथा देश का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय परिवार ने चैंबर पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसी पहलें विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करती हैं।

चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने बच्चों की सुविधा और शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु आगे भी विभिन्न प्रयास करने की घोषणा की तथा सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। संस्था ने कहा कि समाज के हर वर्ग तक सहयोग और प्रेरणा की भावना पहुँचाना ही उसका मुख्य उद्देश्य है।

### समर्थन मूल्य पर खरीदी में गड़बड़ी पर सीधे एफआईआर, दिए निर्देश

## सेल्फ हेल्प ग्रुप, एफपीओ नहीं खरीद सकेंगे धान!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में खरीफ विपणन सीजन 2025-26 के लिए समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए हैं। इस बार उन समितियों को धान खरीदी का कार्य नहीं दिया जाएगा जिन पर गड़बड़ी की कार्रवाई चल रही है। साथ ही, स्व-सहायता समूह और एफपीओ भी धान खरीदी नहीं कर सकेंगे। कलेक्टर मृणाल मीणा ने जिला उपार्जन समिति की बैठक में धान उपार्जन को लेकर कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने धान उपार्जन में किसी भी तरह की अव्यवस्था रोकने और किसानों के नाम पर व्यापारियों या बिचौलियों को धान बेचने से रोकने के लिए व्यापक तैयारी के निर्देश दिए.बैठक में तय किया गया कि धान खरीदी, तौल और परिवहन के दौरान किसी भी गड़बड़ी पाए जाने पर दोषी व्यक्ति के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाएगी। इसके अतिरिक्त, अवैध रूप से धान विक्रय के लिए लाने वाले वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी। समर्थन मूल्य पर केवल किसानों का धान ही खरीदा जाएगा। फुटकर और थोक व्यापारी, मंडी के लाइसेंसधारी व्यापारी तथा राइस मिलर्स अपने धान की रीसाइकलिंग न कर सकें, इसके लिए नियम बनाए गए हैं। व्यापारियों और मिलर्स को धान उपार्जन शुरू होने से पहले अपने धान का निष्पादन करना होगा। जिस धान का निष्पादन नहीं किया जाएगा, उसे जब्त कर लिया जाएगा। प्रशासन के अधिकारी व्यापारियों और मिलर्स के गोदामों का सत्यापन करेंगे। यदि उनके पास खरीफ या रबी की पुरानी धान का भंडारण है, तो उसका निष्पादन उपार्जन से पहले कराना अनिवार्य होगा।

जिले में अधिकतम केंद्रों को गोदाम स्तर पर बनाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि परिवहन खर्च बचाया जा सके। उपार्जन केंद्रों पर अवैध रूप से धान न लाई जा सके, इसके लिए विभिन्न स्थानों पर चेकपॉइंट्स बनाए जाएंगे और इन चेक पॉइंट्स पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।

बैठक में तय किया गया कि नाप-तौल निरीक्षक द्वारा जिले में वेयरहाउस से संबद्ध समस्त धरम कांटे, प्राईवेट और उपार्जन केंद्रों के ईलेक्ट्रानिक तौल कांटा के सत्यापन का कार्य उपार्जन के पूर्व शत प्रतिशत किया जाएगा तथा उपार्जन के दौरान कांटों की आकस्मिक जांच की जाएगी।

## नायब तहसीलदार टेकाम और तीन साथियों के खिलाफ मामला दर्ज

### मामला रेत से भरे ट्रैक्टर को पकड़ने के बाद लेनदेन से जुड़ा



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट पुलिस ने नायब तहसीलदार केशोराव टेकाम और उनके तीन साथियों के खिलाफ 22 दिन बाद मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई पत्रकार इंद्रजीत दशमेर के घर में घुसकर धमकाने के आरोप में की गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 333 और 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में शाम होने के पहले ही कलेक्टर मृणाल मीणा ने किरनापुर के नायब तहसीलदार केशोराव टेकाम को तत्काल प्रभाव से नायब तहसीलदार को ससपेंड कर दिया है।

दरअसल, यह मामला रेत से भरे ट्रैक्टर को पकड़ने के बाद लेनदेन से जुड़ा है। 22 सितंबर को नायब तहसीलदार का एक ऑडियो वायरल हुआ था, जिसमें वे ट्रैक्टर मालिक से तीस हजार रुपए मांगने की बात कर रहे थे। नायब तहसीलदार केशोराव टेकाम को संदेह था कि यह ऑडियो पत्रकार इंद्रजीत दशमेर ने वायरल किया था।

इसी संदेह के चलते, 23 सितंबर की अलसुबह लगभग ढाई बजे, नायब तहसीलदार अपने साथियों ओमप्रकाश लिल्हारे, सुनील धुवारे और 3 साथियों के साथ बोलेरो से पत्रकार इंद्रजीत दशमेर के घर पहुंचे थे। पत्रकार ने शिकायत की थी कि वे देर रात बाउंड्रीवॉल फांदकर घर में घुसने का प्रयास कर रहे थे और आपराधिक घटना को अंजाम देने की मंशा से आए थे।

इस घटना के बाद पत्रकार इंद्रजीत दशमेर ने किरनापुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि, पुलिस ने शुरुआत में मामला दर्ज नहीं किया। इस बीच, कलेक्टर ने नायब तहसीलदार केशोराव टेकाम को निलंबित कर दिया था। पत्रकारों के लगातार दबाव और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से शिकायत के बाद अब यह एफआईआर दर्ज की गई है।

किरनापुर थाना प्रभारी अशोक निनामा ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है। यह घटना अवैध रेत परिवहन और उसके बाद हुए विवाद को उजागर करती है।

नायब तहसीलदार के रेत के अवैध परिवहन में पकड़े गए ट्रेक्टर ट्राली से जुड़ा था। जिसे नायब तहसीलदार ने पकड़ा था। ओमप्रकाश लिल्हारे के ट्रेक्टर को जब्त कर उसे थाने में खड़ा कराया और ट्रेक्टर छुड़ाने के लिए रुपए की मांग की मांग की। जिसका ऑडियो सामने आने के बाद ऑडियो की जांच के लिए अपर कलेक्टर बालाघाट की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया था। हालांकि इसकी रिपोर्ट में क्या मिला, अभी इसकी जानकारी प्रशासन ने नही दी है।

## दीपावली पर पटाखों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन

**बालाघाट।** दीपावली पर्व के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा पटाखों के निर्माण, विक्रय, भंडारण, वितरण एवं उपयोग को लेकर मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) जारी की गई है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिले सभी आमजन एवं सभी फटाखा विक्रेताओं को सुप्रीम कोर्ट एवं राज्य शासन की गाइडलाइन का पालन अनिवार्य रूप से करने कहा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि दीपावली का पर्व सुरक्षित, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल तरीके से मनाएं तथा पारंपरिक दीपक जलाकर प्रकाश पर्व का असली संदेश फैलाएं।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार केवल "ग्रीन क्रैकर" (कम प्रदूषण वाले पटाखे) के निर्माण और बिक्री की ही अनुमति है। इन पटाखों से हानिकारक गैसों और ध्वनि प्रदूषण का स्तर सामान्य से कम होता है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि फटाखो की आवाज़ सीमा जलाए जाने वाले स्थान से 04 मीटर पर 125 डेसिबल से अधिक नहीं होनी चाहिए।

पटाखों की बिक्री केवल लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं को ही करने की अनुमति होगी। ऑनलाइन माध्यम से पटाखों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है। पटाखे फोड़ने का समय निर्धारित किया गया है। दीपावली के दिन केवल रात 8 बजे से 10 बजे तक ही पटाखे जलाए जा सकेंगे। धार्मिक स्थल, अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान और संवेदनशील क्षेत्रों के आसपास पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध रहेगा। ग्रीन क्रैकर के पैकेट पर QR कोड होना अनिवार्य है जिससे उसकी सत्यता की जांच की जा सके। लड़ी अर्थात जुड़े हुए फटाखो का निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण एवं फोड़ना प्रबंधित है। फटाखों में बेरियम साल्ट इत्यादि विषैले रसायनों का उपयोग प्रतिबंधित है।

फटाखो के जलने के उपरांत बचे हुए कागज के टूकड़े एवं अधजली बारूद के सम्पर्क में आने से पशुओं एवं बच्चों के दुर्घटनागस्त होने की संभावना रहती है। अतः फटाखो के जलने के उपरांत कचरे को प्राकृतिक जल स्त्रोत एवं पेयजल स्त्रोतों के आसपास न फेका जाए और उनका उचित तरीके से निस्तारण किया जाए।

## धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस याद किए गए बाबा साहेब

### जाम में आंबेडकर चौक में धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस धूमधाम से मनाया गया



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** लालबर्रा मुख्यालय से 14 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम जाम में दिन सोमवार को धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस बनाया गया बौद्ध संघ अध्यक्ष अनीता भिमटे ने भगवान बुद्ध और डॉ. आंबेडकर की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित किए। व माल्यार्पण कर वंदना की।अध्यक्ष ने कहा कि 14 अक्टूबर 1956 को डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर ने अपने कुछ अनुयायियों के साथ नवयान बौद्ध धर्म अपनाया। नागपुर में दीक्षा समारोह में धर्म की शुरूआत की। उसी के बाद से इस दिन को धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि बात गांठ बांध लो सफलता कभी भी पक्की नहीं होती है। असफलता भी कभी अंतिम नहीं होती है। गलत को गलत कहने की क्षमता रखो वरना आपकी प्रतिभा व्यर्थ है,शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो को लेकर संकल्प लिया।इस दौरान बौद्ध संघ अध्यक्ष अनीता भिमटे अशोक भीमटे गजानंद भीमटे मनोज मेश्राम दिलीप मेश्राम विवेक भीमटे प्रमोद भीमटे राजेंद्र मेश्राम अजय मेश्राम संजय भीमटे अभिलाष भीमटे परमेश्वर गजभिये सुरेश डोंगरे कुलपत मेश्राम सुकदास उके प्रफुल्ल गणवीर विकास मेश्राम राजा मेश्राम कृत मेश्राम आर्यन मेश्राम अमन मेश्राम अनिता भीमटे सुजाता मेश्राम पुरत्र गनवीर अंबिका गनवीर रानू मेश्राम अनीता भीमटे वंदना भीमटे अलका गजभिये रितु भीमटे सुनिता मेश्राम श्याम बारमाटे सुनीता डोंगरे शीला गजभिये पार्वती उके शालू भीमटे कमला डोंगरे अनुसूईया मेश्राम इसी क्रम में मंच संचालन विनोद भीमटे आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि का दुरूपयोग करने पर 6 व्यक्तियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



नगर पालिका बालाघाट द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत आवास निर्माण के लिए दी गई राशि का दुरूपयोग करने के कारण नगरीय क्षेत्र बालाघाट के 06 व्यक्तियों के विरूद्ध थाना कोतवाली बालाघाट में एफआईआर दर्ज करायी गई है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री बीडी कतरोलिया ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि का आवास बनाने में उपयोग न कर अन्य कार्यों में उपयोग करने व गबन करने के कारण वार्ड नं. 29 के सिकंदर सिंग जूनी पिता भगत सिंग जूनी, वार्ड क्रं. 31 सरेखा बालाघाट के केशरी कावरे पिता जग्गों कावरे, वार्ड नं. 14 बुढ़ी के अजय गौरे पिता आनंद गौरे, वार्ड नं. 32 की श्रीमती शारदा पति लक्ष्मण शेंद्रे, वार्ड नं. 09 लोहार गली के सुरेश सहारे एवं उसकी पत्नी सुनीता सहारे के विरूद्ध थाना कोतवाली बालाघाट में एफआईआर दर्ज करायी गई है। यह ऐसे व्यक्ति है जिनके द्वारा आवास योजना की राशि लेने के बाद भी आवास नही बनाया गया है, किसी ने मात्र एक कमरा बनाया है और उसमें ताला लगाकर कहीं चला गया है और पति पत्नी सुरेश व सुनीता सहारे दोनो ने इस योजना का पैसा ले लिया है।

### दबंगों ने सब स्टेशन पर किया उत्पात

## बिजली चोरी पर विभाग की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



सालों से (चोरी के केस के )बकाया बिल होने पर घर की लाइट काटी तो कुछ उपद्रवियों ने लाँजी सबस्टेशन जाकर किया उत्पात, सरकारी कार्य में डाली गई बाधा, कनिष्ठ अभियंता लाँजी द्वारा तुरन्त पुलिस को सूचना दी गई। कार्यपालन अभियंता बालाघाट रवि कुमार कुम्हरे द्वारा बताया गया कि। विगत कुछ दिनों से विधुत विभाग द्वारा राजस्व वसूली का अभियान चलाया जा रहा है बालाघाट संभाग के सभी वितरण केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया है 2000 और 5000 हजार से ऊपर बकाया राशि उपभोक्ताओं पर वसूली की जाए या लाइन काटी जाए। इसमें उपभोक्ता दुलीचंद पटले ग्राम पाथरवाड़ा का टोला तहसील लाँजी का सालों से विद्युत विभाग चोरी के केस की राशि को जमा नहीं करने पर विद्युत लाइन काटी तो उपभोक्ता द्वारा कुछ लोगो को इकट्ठा कर लाँजी सबस्टेशन में उपद्रव किया गया और जिसकी शिकायत कनिष्ठ अभियंता लाँजी द्वारा पुलिस थाने में की गई.। उपभोक्ता दुलीचंद पटले ग्राम पत्थरवाड़ा गोंडी टोला में विजलेंस टीम द्वारा पंचनामा क्रमांक EZ22202408061480 दिनाक 08.08.2024 को धारा 135 विद्युत अधिनियम 2003 क़े अंतर्गत अवैध रूप से विद्युत कनेक्शन का उपयोग करने पर पंचानामा बनाया गया था। जहा उपभोक्ता द्वारा घरेलु कनेक्शन से गैर घरेलु उपयोग किया जा रहा था, विभाग द्वारा पंचनामा बनाया गया और जिसकी राशि 16401/- रुपए निकली गई थी। उपभोक्ता से राजस्व वसूली हेतू लगातार सम्पर्क किया जा रहा था एवं विभागीय नोटिस भी जारी किये गए, परन्तु उपभोक्ता क़े द्वारा राशि का भुगतान नहीं किया गया, 13 सितम्बर को विभाग द्वारा लोक-अदालत में 30% छूट का नोटिस भी जारी किया गया था परन्तु उपभोक्ता द्वारा बिल का भुगतान नहीं किया गया। जब विभाग द्वारा 5000 रुपए क़े ऊपर बकायादार उपभोक्ताओं पर वसूली अभियान क़े अंतर्गत उपभोक्ता दुलीचंद पटले की लाइन कटी गई तो कुछ उपद्रवियों क़े साथ मिलकर लाँजी वितरण केंद्र सबस्टेशन में उत्पात किया गया और विभाग की छवि ख़राब करने सरकारी कार्य में बाधा डाली गई, जिसकी शिकायत विभाग द्वारा पुलिस थाना लाँजी में की गई।

## ग्राम सोनपुरी में मनाया गया धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** हर साल की तरह इस वर्ष भी सोनपुरी में धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस बौद्ध उपासक एवं उपसिका की उपस्तिथि में मनाया गया जिसमें उपस्थित बलिराम गोड़ाने, पायल गोड़ाने,समाज सेवी संदीप गजभिये, रितिक कामड़े, डॉ प्रभात घुले, समाज सेवी अमन गौतम, प्रदीप धनकडे, सुजल बिसेन, सागर तेकाम, राजेश तेकाम, संजू, नीलेश, रमेश, बिशन, रजित, एवं ग्रामीण जन भी उपस्थित रहे। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर की दीक्षाभूमि पर अपने लाखों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाने की ऐतिहासिक घटना का प्रतीक है। इस दिन का उद्देश्य समानता और सामाजिक न्याय की प्राप्ति के लिए डॉ. आंबेडकर के संघर्ष को याद करना और बौद्ध धर्म को अपनाने की उनकी प्रेरणा का जश्न मनाना है। यह एक महत्वपूर्ण बौद्ध उत्सव है जिसे भारत भर में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। ऐतिहासिक भूमिका 14 अक्टूबर 1956 को विजयादशमी के दिन, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने नागपुर में अपने लाखों अनुयायियों के साथ हिंदू धर्म त्यागकर बौद्ध धर्म ग्रहण किया था। इस ऐतिहासिक घटना को ₹धम्मचक्र प्रवर्तन₹ के रूप में जाना जाता है।

### प्राथमिक शाला बहेराखार के प्राथमिक शिक्षक पर निलंबन की कार्यवाही

**बालाघाट।** बिरसा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बहेराखार के प्राथमिक शिक्षक श्री सोहनलाल दमाहे के शराब के नशे में शाला आने तथा शाला का अध्यापन कार्य बाधित किये जाने के कारण सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उसका मुख्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डाबरी निर्धारित किया गया है। प्राथमिक शिक्षक श्री सोहनलाल दमाहे के विरूद्ध शाला में शराब का सेवन कर उपस्थित होने तथा शाला का अध्यापन कार्य बाधित करने की शिकायत प्राप्त होने पर बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता ने इसकी जांच के आदेश दिए थे। जांच में शिकायत सहीं पाए जाने पर एसडीएम श्री गुप्ता ने प्राथमिक शिक्षक श्री दमाहे के निलंबन की अनुशंसा की गई थी। शिक्षक श्री दमाहे की अपने कर्तव्यों के प्रति बरती गई लापरवाही के कारण शासन की छवि धुमिल होने तथा शिक्षक द्वारा अशोभनीय आचरण करने के कारण उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

## बैहर विधायक ने बच्चों में जगाई प्रतिभा की लौ

### आयोजित की प्रतिभा खोज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शिक्षा और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से बैहर विधायक संजय उइके के द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में प्रतिभा खोज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में विकासखंड बिरसा के 15 हायर सेकेंडरी स्कूल,विकासखंड बैहर 11 हायर सेकेंडरी स्कूल और परसवाड़ा विकासखंड(कुछ ग्राम बैहर विधान सभा में आता है) से 4 हायर सेकेंडरी स्कूल मिलाकर इस प्रकार से 30 हायर सेकेंडरी स्कूल से लगभग 6हजार विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने ज्ञान और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विधायक संजय उइके ने इस अवसर पर कहा कि "बच्चे हमारे भविष्य की नींव हैं,और उनकी प्रतिभा को सही दिशा देना ही हमारा संकल्प है।" उन्होंने बताया कि हर स्कूल से इस प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को शील्ड और प्रमाण पत्र दिया जाएगा।साथ ही जरूरतमंद बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए मदद की जाएगी।कार्यक्रम में शिक्षा के प्रति विधायक संजय उइके की प्रतिबद्धता और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की झलक साफ नजर आई।यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना जगाने वाला रहा,बल्कि बैहर विधान सभा क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक सार्थक कदम साबित होगा।आज विधायक संजय उइके के द्वारा बिरसा क्षेत्र के कुछ स्कूलों में जाकर निरीक्षण भी किया गया।प्रतिभा खोज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2025 के प्रश्नों की तैयारी की जिम्मेदारी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हेमंत साहू को सौंपी गई थी।इस परीक्षा में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न शामिल थे।जिसके लिए समय 1: 30घंटा निर्धारित था।परीक्षा सभी स्कूलों में दोपहर 12 बजकर 30 मिनट में प्रारंभ हुई थी।इस परीक्षा के प्रभारी के रूप में द्रोपकिशोर मेरावी और हेमंत साहू को चुना गया था।यह परीक्षा बैहर विधान सभा के 30 हायर सेकेंडरी स्कूलों में संपन्न हुई।परीक्षा में स्कूल के प्राचार्य केंद्राध्यक्ष के रूप में परीक्षा का संचालन किया गया।यह प्रतियोगिता परीक्षा पूर्णतः निःशुल्क थी।जो बोर्ड परीक्षा के पैटर्न पर संपन्न हुई।निरीक्षण के दौरान विधायक संजय उइके के साथ जनपद पंचायत बिरसा के अध्यक्ष सविता धुर्वे, लक्ष्मीकांत धुर्वे शामिल रहे।विधायक संजय उइके ने बच्चों को पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के लिए आग्रह करते हुए कहे कि बहुत जल्द अनेक जगहों पर लाइब्रेरी खोली जाएगी ताकि बच्चे इस लाभ ले सकें।आज के इस परीक्षा में प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के लिए भव्य कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा।इसके साथ ही गत वर्ष के 10वीं और 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में 80%से ऊपर प्रतिशत अर्जित करने वाले बच्चों को भी विधायक के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।आज के सफल आयोजन के लिए बैहर विधान सभा के अंतर्गत आने वाले सभी हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य और स्टॉफ को विधायक संजय उइके के द्वारा उनकी तारीफ करते बधाई और धन्यवाद दिया गया।

### साकडी में बाबासाहेब डा.भीमराव आंबेडकर की भव्य प्रतिमा का हुआ अनावरण

## धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस समारोह का हुआ आयोजन

### कव्वाली में कलाकारों ने दी भीम गीतों की शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



खैरलाजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम साकडी में रविवार को पंचशील बौद्ध संघ समिती साकडी के तत्वावधान में महान समाज सुधारक एवं भारतीय सविंधान के शिल्पकार डा.बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया एंव धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस समारोह आयोजित किया गया । इस अवसर पर अतिथियो के हस्ते डाक्टर भीमराव राम जी आम्बेडकर की भव्य प्रतिमा के समक्ष दिप प्रज्वलित किया एंव माल्यार्पण अर्पण की गई और उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर पूज्यनीय भतें डा.करूणा शील राहुल जी उत्तर प्रदेश एंव भिक्षु संघ के द्वारा बुद्ध वन्दना का पाठ किया गया। तथा तथागत गौतम बुद्ध के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दिप प्रज्वलित किया गया एंव उन्हें नमन किया गया। तथा भिक्षु संघ के द्वारा धम्म उपदेशो का वाचन किया गया।

इस दौरान वक्तओ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की डा. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर एक महान समाज सुधारक थे । बाबासाहेब ने अपने जीवन काल में विषम परस्थितीयो से लडकर समाज-कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है । जिससे सदा स्मरण रखा जाएगा। उनके विचारो का अनुसरण करे एंव उनसे प्रेरणा लेकर जीवन के पथ पर आगे बढ़कर समाज विकास में योगदान देवे ।इस अवसर पर कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भीम गीतो की शानदार प्रस्तूती दि गई। जिसमे कव्वाल फैजान ताज नागपुर एंव खुश्बू सरगम सिवनी के द्वारा एक से बढ़कर एक भीम गीतो की खुबसूरत प्रस्तूत दि गई। जिससे सुनकर त्रोतागण आनंदित हुए और पुरा परिसर भीमगीतो से सुगंधित हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वारासिवनी खैरलांजी विधायक विवेक पटेल, एडवोकेट स्पवनिल डोंगरे वारासिवनी , सनम कोलाटकर महाराष्ट्र, दिगंबर खाडीलकर डिंडोरी,राही पाण्डे सेलटपार सरपंच प्रतिनीधी ग्राम सरपंच. श्रीमती संगीता मात्रे, चंद्रहास मात्रे ,अरविंद बसोंड भेंडारा, बालगोविदं बंसोड सर्कल अध्यक्ष ,मनोहर गेडाम सर्कल उपाध्यक्ष, ,अरविंद खाडीलकर डोंगरमाली सहित समिती के पदाधिकारी एंव बौद्ध उपासक व उपासिका एंव ग्रामवासी मौजूद रहे।

### दीपावली से पहले स्वदेशी की अलख जगाई

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बालाघाट की दीदियों ने दीपावली के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में मिट्टी के बने दीपों की दुकान लगाई। यह दुकान स्वदेशी और वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत लगाई गई है। दीदी ज्योतिश्वरी लिल्हारे ने बताया कि आजीविका मिशन में जुड़ने से उन्हें रोजगार के नए अवसर मिले हैं और उनकी आय में भी वृद्धि हुई है। पहले दिन ही दीपों की अच्छी संख्या में बिक्री हुई है। दीपों की यह दुकान 17 अक्टूबर तक कलेक्ट्रेट कार्यालय में रहेगी। इसके माध्यम से आजीविका मिशन की दीदियों ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया है। आमजन से भी अपील की गई है कि वे स्वदेशी को प्रोत्साहन देने के लिए ग्रामीण एवं स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार किये गए सजावटी एवं दैनिक उपयोग की सामग्री क्रय करें।